भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 296

गुरूवार, 08 दिसम्बर, 2022/17 अग्रहायण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

होटल प्रबंधन संस्थानों की स्थापना करना

296. श्री धनंजय भीमराव महादिकः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कार्यशील केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार देश में होटल प्रबंधन संस्थानों को स्थापित करने में विफल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार राज्य सरकार को उनके राज्यों में राज्य होटल प्रबंधन संस्थान स्थापित करने के लिए भी सहायता प्रदान करती है;

(घ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ऐसे कितने संस्थानों को स्थापित किया गया है और इस प्रयोजन के लिए कितना वित्तीय आवंटन किया गया है; और

(ङ) इन संस्थानों द्वारा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के दौरान क्या-क्या चुनौतियाँ पेश आईं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : इस समय देश में 21 कार्यशील केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान (सीआईएचएम) हैं । विवरण अनुबंध में दिया गया हैं

(ख) : जी नहीं महोदय, प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) : जी हां, महोदय ।

(घ) : पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्य होटल प्रबंधन संस्थानों (एसआईएचएम) को प्रदान की गई सहायता निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**वर्ष**	**संस्थान का नाम**	**स्वीकृत राशि (लाख रु. में)**
1	2019-20	एसआईएचएम, बोधगया, बिहार	1000.00
		एसआईएचएम, बलांगीर, ओडिशा	1200.00
		एसआईएचएम, उदयपुर, राजस्थान	557.13
		एसआईएचएम, रांची, झारखंड	1000.00

2	2020-21	एसआईएचएम, रायपुर, छत्तीसगढ़	1000.00
3	2021-22	एसआईएचएम, जबलपुर, मध्य प्रदेश	1173.43
4	2022-23	एसआईएचएम, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश	1175.00

(ड.) : चुनौतियों को नियमित रूप से मामला - दर - मामला आधार पर निपटाया जाता है ।

*****

अनुबंध

होटल प्रबंधन संस्थानों की स्थापना करने के संबंध में दिनांक 08.12.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 296 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों की सूची (सीआईएचएम)

क्र. सं.	**संस्थान का नाम**	**राज्य/संघ क्षेत्र प्रशासन**
1.	सीआईएचएम, गुवाहाटी	असम
2.	सीआईएचएम, हाजीपुर	बिहार
3.	डॉ. अम्बेडकर आईएचएम (सीआईएचएम), चंडीगढ़	चंडीगढ़
4.	सीआईएचएम, पूसा	दिल्ली
5.	सीआईएचएम, गोवा	गोवा
6.	सीआईएचएम, गांधीनगर	गुजरात
7.	सीआईएचएम, कुफरी शिमला	हिमाचल प्रदेश
8.	सीआईएचएम, श्रीनगर	जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र
9.	सीआईएचएम, बेंगलुरु	कर्नाटक
10.	सीआईएचएम, तिरुवनंतपुरम	केरल
11	सीआईएचएम, ग्वालियर	मध्य प्रदेश
12.	सीआईएचएम, भोपाल	
13.	सीआईएचएम, मुंबई	महाराष्ट्र
14.	सीआईएचएम, शिलांग	मेघालय
15.	सीआईएचएम, भुबनेश्वर	ओडिशा
16.	सीआईएचएम, गुरदासपुर	पंजाब
17.	सीआईएचएम, जयपुर	राजस्थान
18.	सीआईएचएम, चेन्नई	तमिलनाडु
19.	सीआईएचएम, हैदराबाद	तेलंगाना
20.	सीआईएचएम, लखनऊ	उत्तर प्रदेश
21.	सीआईएचएम, कोलकाता	पश्चिम बंगाल

*****